UP: 99 हजार के नकली नोट के साथ मास्टरमाइंड अरेस्ट, 13 जिलों की पुलिस को थी तलाश

लोकसभा चुनाव से पहले गाजीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. नकली नोट छापने वाले मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. साथ ही पुलिस ने नकली नोट छापने वाली मशीन और करीब 99 हजार रुपए की फेक भारतीय करेंसी को जब्त किया है. इस काले धंधे में शामिल तीन आरोपियों को गाजीपुर पुलिस ने धर दबोचा है. पुलिस के हत्थे चढ़े ये आरोपी आजमगढ़ के डालिम्स सनबीम स्कूल में नकली नोट छापने का काम करते थे. पड़ोसी जिले गाजीपुर के खानपुर इलाके में इसकी सप्लाई किया करते थे.

इस मामले की अधिक जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि खानपुर थाना क्षेत्र में पिछले कई दिनों से नकली नोट मिल रहे थे. पुलिस ने नकली नोट फैलाने वाले गिरोह को पकड़ने के लिए अपनी टीम को सर्विलांस में लगाया था. पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद इसी थाना क्षेत्र के रहने वाले शिव कुमार को गिरफ्तार किया है. उसके पास से छपे हुए नकली नोट और अन्य उपकरण भी बरामद किए गए हैं.

13 जिलों में पहले से दर्ज हैं केस

जब पुलिस ने आरोपी शिव कुमार से पूछताछ की तो पता चला कि इसका असली नाम विजय भारती है. इसके फर्जी नाम पर 13 जिलों में केस दर्ज हैं. 13 जिलों की पुलिस उसके तलाश में लगी हुई थी. आरोपी ने पिछले दिनों एनजीओ बना कर एलआईसी के साथ भी काम किया था. उस समय वह एलआईसी का बड़ा एजेंट भी था. पुलिस की जांच में पता चला कि शिव कुमार ने अपने पूरे जीवन काल में कोई अपना आधार कार्ड नहीं बनवाया है, लेकिन चार आधार कार्ड में इसका फोटो जरूर लगा है. कोई भी क्राइम वह अपने असली नाम विजय भारती से नहीं करता था.

Source: https://www.tv9hindi.com/state/uttar-pradesh/ghazipur-police-arrest-accused-with-fake-currency-99-thousand-13-districts-wanted-stwd-2564672.html